प्रधानमंत्री ने 1.60 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों के खातों में 1,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर किये

चर्चा में क्यों?

22 दिसंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में संगम के पास परेड ग्राउंड में स्वयं सहायता समूहों की दो लाख से अधिक महिला प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए 1.60 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों के खातों में 1,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किये।

प्रमुख बिंदु

- इस मौके पर प्रधानमंत्री ने प्रयागराज में इस 'मातृ शक्ति महाकुंभ' में 43 जिलों के 202 'टेक होम राशन प्लांट' की नींव भी रखी। साथ ही उन्होंने 'मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना' के 1.01 लाख नए लाभार्थियों के खातों में 20 करोड़ रुपए ट्रांसफर किये।
- नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीसी सखियों के माध्यम से अब तक 75,000 करोड़ रुपए से अधिक का लेनदेन किया जा चुका है।
- विभिन्न ब्लॉकों में 'पुश्तहार संयंत्र परियोजना' पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इससे महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ-साथ स्थानीय किसानों को भी लाभ होगा, जो उन्हें कच्चे माल की आपूर्ति करेंगे। उन्होंने कहा कि इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना से 16 लाख से अधिक महिलाएँ सीधे लाभान्वित होंगी और जरूरतमंदों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-transfers-rs1,000-crore-to-accounts-of-1-60-lakh-women-self-help-groups